कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, छठा तल जवाहर भवन, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/यू0जी0–2022/2843　　　　　　　　　　लखनऊःदिनांक 05 दिसम्बर, 2022

यू0पी0 नीट यू0जी0–2022 (एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0) के ऑनलाइन मॉप–अप राउन्ड की समय–सारिणी तथा आवश्यक दिशा–निर्देश

राजकीय/निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/संस्थानों/विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रम (एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0) में प्रवेश हेतु ऑन–लाइन मॉप–अप राउन्ड की समय सारिणी निम्नवत् है:–

क्रंस	विवरण	दिनांक
1	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन तथा रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा करने की तिथि	दिनांक 06 दिसम्बर 2022 सायं 02:00 बजे से दिनांक 09 दिसम्बर 2022 अपरान्ह 2:00 बजे तक
2	सिक्योरिटी फीस जमा करने की तिथि	दिनांक 06 दिसम्बर 2022 सायं 02:00 बजे से दिनांक 9 दिसम्बर 2022
3	मेरिट लिस्ट जारी किये जाने की सम्भावित तिथि	दिनांक 09 दिसम्बर 2022
4	ऑनलाईन च्वाईस फिलिंग	10 दिसम्बर 2022 मध्याह्न 12:00 बजे से 13 दिसम्बर 2022
5	परिणाम घोषित करने की तिथि	15 दिसम्बर 2022
6	आवंटन पत्र डाउनलोड करने तथा प्रवेश लेने की तिथि	दिनांक 16 दिसम्बर 2022 से 18 दिसम्बर 2022

- दिव्यांगता प्रमाण पत्र भारत सरकार द्वारा निर्धारित केन्द्रों से जारी प्रारूप पर ही मान्य होगें।
- मॉप–अप राउन्ड में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों को रू0 1000/– पंजीकरण शुल्क ऑन–लाइन प्रकिया से नेट बैंकिग/डेबिड कार्ड/केडिट कार्ड के माध्यम से जमा करते हुये एन0आई0सी0 की वेबसाईट https://upneet.gov.in पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
- मॉप–अप राउन्ड हेतु वही अभ्यर्थी अर्ह होगे, जिन्हे यू0पी0 नीट यू0जी0 2022 की प्रथम एवं द्वितीय कांउसिलिंग के द्वारा एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम की कोई भी सीट आवंटित न हुई हो। बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम मे आवंटन प्राप्त अभ्यर्थी केवल एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम मे उच्चीकरण (upgrade) हेतु अर्ह होंगे।
- यू0पी0 नीट यू0जी0 2022 की प्रथम या द्वितीय कांउसिलिंग से एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम मे आवंटन प्राप्त प्रवेशित/अप्रवेशित/त्याग पत्र देने वाले अभ्यर्थी मॉप–अप राउन्ड हेतु अर्ह नही है।
- ऐसे अभ्यर्थी जो आल इण्डिया कोटा अथवा अन्य प्रदेशो की काउन्सिलिंग से किसी भी मेडिकल कालेज/संस्थान/विश्वविद्यालय में नीट यू0जी0–2022 के माध्यम से प्रवेशित है, वह मॉप अप राउण्ड हेतु अर्ह नहीं होगे।
- **राजकीय क्षेत्र की सीटों हेतु रू0 30,000/– (रू0 तीस हजार मात्र), निजी क्षेत्र की एम0बी0बी0एस पाठ्यकम की सीटों हेतु रू0 200,000/– (रू0 दो लाख मात्र) तथा निजी क्षेत्र की बी0डी0एस0 पाठ्यकम की सीटों हेतु रू0 1,00,000/– (रू0 एक लाख मात्र) की सिक्योरिटी धनराशि ऑन–लाइन प्रकिया से नेट बैंकिग/डेबिड कार्ड/केडिट कार्ड के माध्यम से जमा किया जाना अनिवार्य है।**
- **जिन अभ्यर्थियो द्वारा प्रथम व द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग मे सिक्योरिटी जमा की गयी थी और उन्हें किसी भी सीट पर आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है, उन्हें पुनः सिक्योरिटी जमा करने की आवश्यकता नहीं है।**
- मॉप–अप राउण्ड से आवंटित अभ्यर्थियो की प्रवेश–प्रकिया नामित नोडल सेन्टर पर पूर्ण की जायेगी।
- **मॉप–अप राउण्ड मे निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेन्टल कालेजो मे आवंटित अभ्यर्थियो को प्रवेश के समय शिक्षण शुल्क का बैंक ड्राफ्ट जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 (Director General Medical Education & Training,U.P) Payable at Lucknow के पक्ष में देय हो, जमा किया जाना अनिवार्य होगा।**
- **निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेन्टल कालेजो मे आवंटित अभ्यर्थियो को प्रवेश के समय कालेज की सिक्योरिटी, हॉस्टल एवं विविध शुल्क नोडल सेन्टर पर उपस्थित निजी क्षेत्र के कालेज के प्रतिनिधि को जमा करायी जायेगी।**
- **यदि कोई अभ्यर्थी यू0पी0 नीट 2022 की प्रथम व द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग के माध्यम से बी0डी0एस0 पाठ्यकम मे प्रवेशित है, तो ऐसे अभ्यर्थी सिक्योरिटी मनी रू0 2.00 लाख जमा करते हुए मॉप–अप राउण्ड मे प्रतिभाग कर सकते है। यदि अभ्यर्थी को एम0बी0बी0एस0 पाठ्यकम मे आवंटन प्राप्त हो जाता है तो पूर्व प्रवेशित बी0डी0एस0 पाठ्यकम की सीट रिक्त हो जायेगी और प्रवेश के समय अभ्यर्थी द्वारा अपने समस्त मूल प्रमाण–पत्रो के साथ संबंधित नोडल सेन्टर पर प्रवेश प्रकिया पूर्ण की जायेगी। (समान पाठ्यकम मे कालेज का परिवर्तन अनुमन्य नहीं है।)**
- मॉप–अप राउण्ड की प्रवेश प्रकिया के समय अभ्यर्थी को समस्त शैक्षणिक, जाति प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक प्रपत्र मूलरूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में आवंटन/प्रवेश पर विचार नही किया जायेगा।
- अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट https://upneet.gov.in & www.dgme.up.gov. पर देखी जा सकती है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

महानिदेशक